Saint Agnes
A Member of Trinity Health

**वित्तीय सहायता:** ट्रिनिटी हेल्थ उन सभी लोगों को देखभाल, उपचार और सेवायें प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है जो चिकित्सकीय आवश्यकता के आधार पर हमारे पास आते हैं।

*संघीय गरीबी स्तर के दिशानिर्देशों की समीक्षा यहाँ करें*

### *वित्तीय सहायता नीति*

- वित्तीय सहायता आपकी आय के आधार पर प्रदान की जाती है। इसे परिभाषित किया जाता है संघीय गरीबी स्तर के दिशानिर्देशोंका उपयोग करके।
- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के दिशानिर्देशों का [200]% या उससे कम कमाते हैं तो आपको पूरी-पूरी छूट मिल सकती है। चिकित्सकीय तौर पर आवश्यक सेवाओं पर यह लागू होता है।
- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के [201]% और [400]% के बीच कमाते हैं, तो आपको आंशिक छूट प्राप्त हो सकती है।
- योग्य रोगियों से ट्रिनिटी हेल्थ मेडिकेयर छूट की दर से अधिक पैसे नहीं लेगा।
- आपके सह-भुगतान, सह-बीमा और कटौती योग्य राशियों पर छूट दी जा सकती है। यदि आप संघीय गरीबी स्तर के [400]% से कम कमाते हैं, तो आप सहायता के लिए योग्य हो सकते हैं।
- यदि आप प्रलय-संबंधी ख़र्च वहन कर रहे हैं, तो आपको छूट मिल सकती है। ऐसा तब होता है जब पिछले 12 महीनों के दौरान आपके चिकित्सा से संबंधित ख़र्च आपके घर की आय के 20% से अधिक हैं। इस छूट में आपके सह-भुगतान भी शामिल हो सकते हैं। इसमें सह-बीमा और कटौती योग्य राशि भी शामिल हो सकती है।

वैकल्पिक सेवायें जैसे कि कॉस्मेटिक सर्जरी वित्तीय सहायता के लिए योग्य नहीं होती हैं।

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने के लिए, आवेदन भरें और जमा कर दें। ट्रिनिटी हेल्थ वित्तीय सहायता नीति एवं आवेदन-पत्र अस्पताल के वेबपेज
Financial Assistance | Saint Agnes Medical Center (samc.com)
पर उपलब्ध हैं। आप जिस स्थान पर देखभाल प्राप्त करते हैं, वहाँ स्वयं जाकर, मेल करके या फ़ोन करके या ट्रिनिटी हेल्थ एंटरप्राइज पेशेंट फाइनेंशियल सर्विसेज, 20555 विक्टर पार्कवे, लिवोनिया, एम.आई. 48152, टोल फ्री नंबर 800-494-5797 पर संपर्क करके पॉलिसी और आवेदन-पत्र की एक निःशुल्क प्रति के लिए निवेदन कर सकते हैं।

ट्रिनिटी हेल्थ वित्तीय सहायता नीति, आवेदन-पत्र और सादी भाषा में सारांश अन्य भाषाओं में अनुवाद किए गए हैं और ऊपर सूचीबद्ध किए गए अस्पताल या रोगी वित्तीय सेवा विभाग से संपर्क करके उपलब्ध हो जाते हैं।

***प्रदाता सूची:*** अस्पताल की सुविधा में आपातकालीन या चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल प्रदान करने वाले प्रदाता, जिन्हें अस्पताल की वित्तीय सहायता नीति में शामिल किया गया है, उनकी एक सूची ऑनलाइन या अनुरोध पर उपलब्ध हो जाती है।

***भुगतान की अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनायें:*** यदि आप अपने हिस्से का भुगतान नहीं कर सकते हैं तो आप भुगतान की अल्पकालिक या दीर्घकालिक योजनाओं के लिए योग्य हो सकते हैं। ट्रिनिटी हेल्थ की अल्पकालिक भुगतान योजना ब्याज-रहित है। मरीज़ों को एक वर्ष के भीतर शेष राशि का भुगतान करना ही होगा। यदि आप एक वर्ष के भीतर कुल शेष राशि का भुगतान नहीं कर सकते हैं तो आपको दीर्घकालिक ब्याजयुक्त योजना दी जा सकती है।

***रोगियों की वित्तीय सेवायें:*** वित्तीय सलाहाकर आपकी सहायता के लिए उपलब्ध हैं। वे वित्तीय सहायता के आवेदन-पत्रों को भरने में आपकी सहायता करेंगे। इससे यह निर्धारित होगा कि कौन सी सहायता उपलब्ध है। इसमें मेडिकेड के लिए योग्यता का आँकलन करना शामिल होता है।

जहाँ आप देखभाल प्राप्त करते हैं उस स्थान पर आप वित्तीय सलाहाकार से संपर्क कर सकते हैं। वित्तीय परामर्शदाता यह निर्धारित करने में मदद कर सकता है कि आप वित्तीय सहायता के लिए योग्य हैं या नहीं। वित्तीय परामर्शदाता वित्तीय सहायता नीति, आवेदन-पत्र और सादी भाषा के सारांश की निःशुल्क प्रतियाँ भी प्रदान कर सकते हैं।